CAAE– 62 (H)

सहायक लेखा अधिकारी सामूहिक परीक्षा, 2017

दिसम्बर, 2018

उच्च वाणिज्यिक लेखे (पुस्तकों के बिना)

समय : 3 घंटे *अधिकतम अंक : 150*

टिप्पणियां: 1. प्रश्न **1** तथा **2 अनिवार्य** हैं। शेष में से किन्हीं **तीन प्रश्नों** के उत्तर दीजिए।
2. इस प्रश्न पत्र में **7 प्रश्न** और **3 पृष्ठ** हैं।

1. श्री लक्ष्मण सिंह का 31 मार्च, 2018 की स्थिति के अनुसार परीक्षा तुलन इस प्रकार है :-

	नामे	जमा
विवरण	**राशि (रु.)**	**राशि(रु.)**
खरीद	606,750	
बिक्री		9,87,800
हाथ में रोकड़	31,700	
मजदूरी	104,800	
आवक प्रतिलाभ	68,000	
विविध लेनदार		63,000
जावक प्रति लाभ		66,200
पूंजीगत लेखा		8,10,000
वेतन	1,60,000	
मशीनरी	2,70,000	
विविध देनदार	45,000	
विद्युत और ईंधन	47,300	
ड्राइंगें	52,450	
बिक्री संबंधी ढुलाई	32,000	
खरीद संबंधी ढुलाई	20,400	
भंडार (1.4.2017)	57,600	
भवन	3,50,000	
कार	50,000	
सामान्य व्यय	30,000	
बीमा (1 अक्तूबर, 2017 को वार्षिक प्रीमियम अदा किया)	6,000	
बकाया वेतन		5,000
जोड़	**19,32,000**	**19,32,000**

31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए, निम्नलिखित समायोजनों को शामिल करते हुए व्यापार लेखा, लाभ-हानि लेखा और तुलन-पत्र तैयार कीजिए :-

1. मशीनरी पर 15% की दर पर मूल्यह्रास लगाइए।
2. 31.3.2018 की स्थिति के अनुसार बाजार मूल्य पर अंतिम भंडार 90,000 रुपये है, यद्यपि इसका लागत मूल्य 70,000 रुपये है।
3. कार को 1 अप्रैल, 2017 को बही मूल्य पर बेच दिया गया और रोकड़ का उपयोग श्री लक्ष्मण सिंह द्वारा व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए किया गया - इसके लिए लेखा बिना दर्ज किए छोड़ दिया गया।
4. 2 अप्रैल, 2018 को आग लग गई जिसमें 10,000 रुपये का सामान नष्ट हो गया।

(25+20 = 45 अंक)

2. दिल्ली बोट क्लब का प्राप्ति और संदाय लेखा नीचे दिया गया है। 31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए आय-व्यय का लेखा और उस तारीख को तुलन-पत्र तैयार कीजिए :-

31 मार्च, 2018 को समाप्त हुए वर्ष के लिए प्राप्ति और संदाय लेखा

प्राप्तियां		राशि (रु.)	संदाय		राशि (रु.)
प्रारंभिक शेषः			दर और कर		96,100
हाथ में रोकड़	1,51,300		वेतन		1,19,000
बैंक में रोकड़	—	151,300	निवेश		2,40,000
प्रवेश शुल्क		65,200	पुस्तकें		32,200
अभिदान		3,20,000	कार्यालय व्यय		55,000
ब्याज		51,00	विद्युत प्रभार		6,200
दान		1,16,100	सामान्य व्यय		12,500
सांस्कृतिक कार्यक्रम		82,00	अंत शेष :		
			(i) हाथ में रोकड़	43,000	
			(ii) बैंक में रोकड़	61,900	1,04,900
		6,65,900			**6,65,900**

अतिरिक्त सूचना :-

(i) वर्ष के प्रारंभ में क्लब के पास 4,00,000 रुपये की पुस्तकें और 60,000 रुपये का फर्नीचर था।

(ii) अभिदान की बकाया राशि 1 अप्रैल, 2017 को 7,000 रुपये और 31 मार्च, 2018 को 8,000 रुपये थी।

(iii) किराया वर्ष के प्रारंभ में 18,000 रुपये और अंत में 17,000 रुपये बकाया था।

(iv) फर्नीचर के 10,000 रुपये और पुस्तकों के 32,000 रुपये को बट्टे खाते डाला गया।

(15+15 = 30 अंक)

3. यलो लिमिटेड ने 1 अगस्त, 2015 को 70,000 रुपये में एक मशीनरी खरीदी। 1 अक्तूबर, 2016 को उसने 24,000 रुपये में एक अन्य मशीन खरीदी। 30 जून, 2017 को उसने पहली मशीन 36,500 रुपये में बेच दी और उसी तारीख को उसने 50,000 रुपये में एक नई मशीनरी खरीदी। 31 मार्च को प्रति वर्ष लगात पर 20% वार्षिक की दर पर मूल्यह्रास लगाया गया। तीन वर्षों के लिए मशीनरी लेखा दर्शाइए।

(25 अंक)

4. सरस्वती लिमिटेड ने 10 रुपये प्रत्येक के 2,00,000 इक्विटी शेयर जारी करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए। राशियां निम्नानुसार देय थीं :-

आवेदन पर	2 रुपए प्रति शेयर
आबंटन पर	5 रुपए प्रति शेयर
प्रथम और अंतिम मांग पर	3 रुपए प्रति शेयर

3,00,000 शेयरों के लिए आवेदन प्राप्त हुए और सभी आवेदकों को यथानुपात शेयर आबंन किया गया। आवेदन पर अधिक अदा की गई धनराशि को आबंटन राशि के लिए समायोजित कर दिया गया। 'सी' जिसे कि 3,000 शेयर आबंटित किए गए थे वह प्रथम और अंतिम मांग राशि अदा करने में असफल रहा। उसके शेयरों को जब्त कर लिया गया। जब्त किए गए शेयरों में से 2,500 शेयर 8 रुपए प्रति शेयर की दर से पूर्णतः प्रदत्त रूप में जारी कर दिए गए। सरस्वती लिमिटेड की बहियों में उपर्युक्त लेनदेनों को दर्ज करने के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

(25 अंक)

5. 'ए' ने 'बी' को 1 जनवरी, 2017 को 80,000 रुपये का सामान बेचा। उसी तारीख को 'ए' ने 'बी' के लिए उस राशि का बिल दो माह के लिए बनाया और 'बी' ने बिल स्वीकार कर लिया तथा 'ए' को लौटा दिया। 'ए' ने अपने बैंक से 20% वार्षिक की दर से बट्टा लगवा लिया। बिल के अदायगी के लिए देय होने से पूर्व 'बी' ने 'ए' से कहा कि वह बिल की पूरी राशि अदा करने में असमर्थ है और उसने अनुरोध किया कि तत्काल 20,000 रुपये स्वीकार करके शेष राशि के लिए 20% वार्षिक की दर पर ब्याज सहित 3 माह के लिए दूसरा बिल भेज दिया जाए। 'ए' सहमत हो गया। दूसरा बिल समय पर अदा कर दिया गया। 'ए' और 'बी' की बहियों में जर्नल प्रविष्टियां कीजिए।

(25 अंक)

6. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए :-

क) नकद बट्टे और व्यापार बट्टे में अंतर

ख) प्रोद्भवन पूर्वानुमान

ग) शेयरों और डिबेंचरों के बीच अंतर

घ) सीजीएसटी, एसजीएसटी, आईजीएसटी और यूटीजीएसटी के बीच अंतर

ङ) लेखा इकाई अथवा व्यवसाय इकाई सिद्धांत

(5+5+5+5+5=25 अंक)

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(क) "लेखा परीक्षक निगरानी करता है न कि जासूसी" इसकी व्याख्या कीजिए।

(ख) प्राप्ति और संदाय लेखे और आय व्यय लेखे के बीच अंतर

(ग) व्यवसाय में लेखे की भूमिका

(12½ + 12½ = 25 अंक)